Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 246 ▫ रायपुर, सोमवार 29 सितम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## आत्मसमर्पण के लिए नक्सलियों का लाल कारपेट बिछाकर करेंगे स्वागत : शर्मा



**सीजफायर की कोई बात नहीं**

**रायपुर,** 29 सितम्बर (हाईवे चैनल)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के युद्धविराम को लेकर जारी किए गए पत्र को भ्रामक बताया. उन्होंने कहा जो नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, तो स्वागत है. लेकिन कोई सीजफायर नहीं होगा. इसी को लेकर नक्सलियों के साथ युद्ध विराम पर अब गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है.

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह पूर्व निर्धारित योजना है. युद्ध विराम की कोई बात नहीं है. जितने भी नक्सलियों ने पत्र लिखा है, जिनका भाव ऐसा है कि बस्तर में वर्तमान में खून खराबा बंद होना चाहिए. अगर किसी के मन में यह भाव है. उनके पास समय कम है, आगे बढ़े. लाल कार्पेट बिछाकर आपका स्वागत करने तैयार है. रायपुर से नक्सलियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछले दो सालों में जब से वहां पर काम शुरू हुआ था. उन्होंने नए बेस बनाने की तैयारी की थी. स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी बहुत अच्छा काम कर रही है. रायपुर और कोरबा समेत अन्य शहरों में ऐसा नेटवर्क मिला है. जांच एजेंसी इसकी भी पूरी प्रोफाइलिंग करके नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम कर रही हैं. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों के जितने बेस है, सबकी प्रोफाइलिंग की जा रही. सब कुछ ठीक किया जाएगा. नक्सलियों के पास पहुंचने वाला पैसा बहुत कम हो गया है. करीब 80 प्रतिशत की कम आई है. इसके बावजूद उनके पास इतनी राशि है.

## अपनी मैच फीस आतंकी मसूद अजहर की फैमिली को देंगे पाकिस्तानी कप्तान!

**एशिया कप हार के बाद सलमान आगा का ऐलान**

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। एशिया कप 2025 के फाइनल में 28 सितंबर को मिली हार के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने ऐलान किया कि उनकी पूरी मैच फीस उन नागरिकों और बच्चों को दी जाएगी जो हाल की भारत की कार्रवाइयों में मारे गए। इस बयान ने क्रिकेट जगत और फैंस के बीच सवाल खड़े कर दिए कि क्या पाकिस्तानी टीम भी अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवादियों के साथ खड़ी है।

पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाके में पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें लगभग 100 आतंकी मारे गए, और जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के परिवार के 10-14 सदस्य भी इसमें मारे गए। सलमान आगा का बयान इसी घटनाक्रम से जुड़ा माना जा रहा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि वे अपनी मैच फीस आतंकियों के परिवारों की मदद के लिए देना चाहते हैं।

## बस्तर की बेटियों ने पेंचाक सिलाट में रचा इतिहास, जीते दो स्वर्ण पदक



**जगदलपुर,** 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। बस्तर की बेटियों ने एक बार फिर जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। कर्नाटक के कोप्पल जिले में 26 से 28 सितंबर तक आयोजित 13वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर एवं जूनियर पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में बस्तर मार्शल आर्ट अकादमी की यशस्वी सिंह (12 वर्ष बालिका वर्ग) और साक्षी सिंह चौहान (14 वर्ष बालिका वर्ग) ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया, जबकि वेदांत साहू और कोमल ठाकुर ने भी शानदार प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया।

यह प्रतियोगिता इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन और कर्नाटक पेंचाक सिलाट संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। इसमें देशभर के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच बस्तर की बेटियों ने दमदार खेल दिखाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन के सीईओ मोहम्मद इकबाल, अध्यक्ष किशोर यावले और सचिव तारीख जरगर ने विजेताओं को बधाई दी। वहीं छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष बाघ, कार्यकारी सचिव शेख समीर, मनीष निषाद और बस्तर मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष विजयपाल सिंह, सचिव भगत सोनी, संरक्षक गौतम कुंडू, ममता पांडेय, मार्कण्डेय सिंह और के. ज्योति ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। बस्तर की इन बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि छोटे से जिले की प्रतिभाएं भी मेहनत, आत्मविश्वास और लगन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बना सकती हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### अब जगदलपुर से भुवनेश्वर तक सिर्फ डेढ़ घंटे में हवाई सफर

**जगदलपुर,** 29 सितम्बर (हाईवे चैनल)। बस्तरवासियों को अब लंबी रेलयात्रा से छुटकारा मिलने जा रहा है. जल्द ही जगदलपुर से भुवनेश्वर के बीच सीधी हवाई सेवा शुरू होगी. अभी रेल से यह सफर 16 घंटे का होता है, लेकिन विमान सेवा शुरू होने के बाद लोग मात्र डेढ़ घंटे में भुवनेश्वर पहुंच सकेंगे. विंटर शेड्यूल से हैदराबाद-जगदलपुर-भुवनेश्वर सेक्टर पर उड़ान शुरू होने की उम्मीद है. इसका बड़ा फायदा एनएमडीसी जैसी कंपनियों और औद्योगिक क्षेत्र को मिलेगा. नई उड़ान से बस्तर की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी और निवेश के रास्ते खुलेंगे. वर्तमान में जगदलपुर से हैदराबाद और दिल्ली के लिए ही उड़ानें संचालित हैं. एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि औपचारिक घोषणा जल्द हो सकती है।

### ड्रोन से बीच समुंदर उड़ाया जहाज, इजरायल का पाकिस्तान पर पहला तगड़ा हमला, भारत भी चौंक गया

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। पूरी दुनिया की नजरें एक बार फिर खाड़ी क्षेत्र पर आकर टिक गई है। यहां इस बार निशाने पर पाकिस्तान आया है। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच छिड़ी जंग के बीच अब इसकी जद में पाकिस्तान आ चुका है। इजरायल के ड्रोन हमले में पाकिस्तान के जहाज को बड़ा नुकसान हुआ है। इस बात की जानकारी खुद पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने दी है। मोहसिन नकवी ने बताया कि किस तरह से पाकिस्तानी जहाज को इजरायली ड्रोन ने निशाना बनाया है। मोहसिन नकवी ने इजरायल पर सनसनीखेज आरोप लगाए। उनका दावा है कि पाकिस्तान क्रूज से भरे एलपीजी टैंकर पर इजरायली ड्रोन ने जबरदस्त हमला किया है।

पाकिस्तान के ये जहाज यमन के रास अल इशा पोर्ट पर खड़ा था। तभी इस पाकिस्तान जहाज पर इजरायली ड्रोन टूट पड़े। पाकिस्तान पर ये इजरायल का पहला और अनोखा हमला है। मजे की बात देखिए कि कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ एक डिफेंस डील की थी। जिसके तहत एक देश पर हमला दूसरे देश पर भी हमला माना जाएगा। लेकिन यहां पर इजरायल ने अपने हमले में एक ऐसा खेल कर दिया, जिसके बाद अब तो सऊदी अरब भी इजरायल के इस हमले की तारीफ करने पर मजबूर हो जाएगा। पाकिस्तान के जिस जहाज पर हमला हुआ है वो यमन के पोर्ट पर खड़ा था। इस जहाज पर 27 लोगों का दल सवार था। जिसमें से 24 पाकिस्तानी थे और दो श्रीलंकाई और एक नेपाल का नागरिक शामिल था।




**चूहा- सुनती हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन कह रहा है कि हर 9 मिनट में रेबिज से होती है एक मौत।**
**चुहिया- हां जी, लेकिन यहां तो इंसान से ज्यादा कुत्तों से प्रेम है..!**

## मशहूर एक्टर महेश मांजरेकर की पहली पत्नी दीपा मेहता का निधन



**मां को खोने से सदमे में बेटा सत्या**

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मशहूर एक्टर और फिल्ममेकर महेश मांजरेकर इस वक्त गहरे सदमे में हैं। एक्टर की पहली पत्नी दीपा मेहता का आज निधन हो गया है। इस बात की जानकारी दीपा के बेटे सत्या मांजरेकर ने पोस्ट शेयर कर दी है और अपनी मां को श्रद्धांजलि दी है।

कॉस्ट्यूम डिजाइनर दीपा मेहता के बेटे ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर दिवगंत मां की एक तस्वीर शेयर की और 'आई मिस यू मम्मा' उन्हें याद करते नजर आए। साथ ही उन्होंने टूटे दिल की एक इमोजी भी लगाई। दीपा मेहता ने पॉपुलर फिल्ममेकर और एक्टर महेश मांजरेकर से 1987 में शादी रचाई थी। इसके बाद उन्होंने महेश संग दो बच्चों आश्वामी मांजरेकर और बेटे सत्या मांजरेकर कोज जन्म दिया, लेकिन कुछ सालों के भीतर ही कपल के रिश्ते में खटास आ गई और उन्होंने 1995 में अपनी राहें अलग कर ली। लेकिन तलाक के बाद दोनों बच्चे अपने पिता के साथ ही रहने लगे। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो दीपा मेहता एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर थी। उन्होंने अपने मेहनत और टैलेंट से 'क्वीन ऑफ हार्ट्स' नाम के साड़ी के ब्रांड की शुरुआत की और देखते-देखते ये ब्रांड काफी फेमस भी हो गया। मराठी फिल्म इंडस्ट्री में तो इस ब्रांड की अलग ही पहचान है।

## शिक्षा अधिकारी से गाली-गलौज करने वाले प्रधान पाठक को किया गया निलंबित

**बलौदाबाजार,** 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। अपनी शिक्षक पत्नी को रिलीव करने के विवाद पर प्रधान पाठक ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कार्यालय में घुसकर बदतमीजी करते हुए गालियां दी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इस मामले में जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है।

यह मामला कसडोल विकासखंड का है। यहां विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव पदस्थ के कार्यालय में घुसकर शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा के प्रधान पाठक सुशील साहू ने गाली गलौज और धमकी दी। दरअसल कसडोल ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह में सुशील साहू की पत्नी विनीता साहू शिक्षिका है। युक्तियुक्तकरण के चलते प्रभावित शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। शासन के निर्देशों पर अधिकांश शिक्षकों ने आदेश का पालन कर रिलीव होकर अपनी नई पदस्थापना में जॉइनिंग दे दी है। शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह में पदस्थ शिक्षिका विनीता साहू ने अपने नए पदस्थापना स्कूल वीर नारायणपुर में जॉइनिंग नहीं दी थी और ना ही अपने पुराने स्कूल से रिलीव लिया था।

इसी संबंध में विनीता साहू के पति सुशील कुमार साहू 18 जुलाई को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे थे। वे शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा में प्रधान पाठक है। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव के साथ रिलीव करने के विवाद में गाली गलौज कर उन्हें धमकी दे दी। सहायक शिक्षिका विनीता साहू के युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरण होने पर कार्यमुक्ति एवं वेतन आहरण की प्रक्रिया में अड़चन डालते हुए धमकाया गया। इसका वीडियो भी तब कार्यालय के किसी कर्मचारी ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। बीईओ अरविंद ध्रुव ने घटना की शिकायत कलेक्टर और डीईओ से की थी। शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने दो सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था। जांच टीम की रिपोर्ट में प्रधान पाठक सुशील साहू के द्वारा अनुशासनहीनता एवं अमर्यादित व्यवहार करने की पुष्टि हुई। जिसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे ने शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा (ह) के प्रधान पाठक सुशील साहू को सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित बीईओ कार्यालय निर्धारित किया गया है।

## एशिया कप फाइनल में हाई-वोल्टेज ड्रामा टीम इंडिया के मेडल लेकर भागा पाकिस्तान



**अब बीसीसीआई लेने जा रहा बड़ा एक्शन**

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। नई दिल्ली से आई बड़ी खबर में भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2025 का फाइनल जीतकर पाकिस्तान पर लगातार तीसरी बार बड़ी जीत दर्ज की. पहले लीग स्टेज, फिर सुपर-4 और अब फाइनल में भी पाकिस्तान टीम इंडिया से हार गई।

बता दें कि बीसीसीआई ने पहले ही तय कर लिया था कि खिलाड़ी ट्रॉफी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चीफ और एशियन क्रिकेट काउंसिल अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथ से नहीं लेंगे। जब खिलाड़ियों ने ट्रॉफी रिसीव करने से मना कर दिया तो नकवी बौखला गए और गुस्से में ट्रॉफी उठाकर होटल ले भागे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने खुलासा किया कि यह सब पहले से तय था। भारतीय टीम ट्रॉफी सिर्फ सम्मानजनक तरीके से लेना चाहती थी। नकवी की यह हरकत खेल भावना के खिलाफ बताई जा रही है। इस बीच खबर है कि बीसीसीआई अब इस मामले में आईसीसी से औपचारिक शिकायत कर सकता है। इसे लेकर बीसीसीआई अगले महीने आईसीसी की बैठक में इसका विरोध दर्ज़ कराएगा। नकवी पर भविष्य में किसी बड़े पद पर बैन लगने तक की बात कही जा रही है। आईसीसी पहले ही चेतावनी दे चुका है कि किसी भी तरह की विवादित हरकत क्रिकेट की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है। अब सभी की निगाहें इस पर हैं कि आईसीसी मोहसिन नकवी के खिलाफ क्या कदम उठाएगा। क्या उन्हें एशियाई क्रिकेट परिषद से हटाया जाएगा या भविष्य में किसी बड़े क्रिकेट पद से दूर कर दिया जाएगा? इससे कई सवाल खड़े हुए हैं और बहस गर्म हो गई है।

## पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद खुद सो गया, फिर जब नींद खुली तो उड़े होश



**सूरजपुर,** 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां शराब के नशे में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के लाछा गांव की है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, मृतिका रानिया शराब पीने की आदी थी और पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था। शनिवार की रात दोनों ने शराब पी और फिर आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में पति ने पास पड़े टांगी की बेंत से अपनी पत्नी के सिर और पेट पर वार कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी वहीं सो गया। सुबह जब शराब का नशा उतरने के बाद उसने देखा, तो पत्नी की मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी पति को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त टांगी को जब्त कर लिया। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर आगे की जांच में जुटी हुई है।

## 40 फीट के रावण का होगा पुतला दहन, रंग बिरंगे आतिशबाजियां रहेगी आकर्षण का केन्द्र





- **दशहरा पर्व को लेकर निगम द्वारा की जा रही व्यापक तैयारियां, तैयार हो रहा रावण का पुतला**
- **अछोटा के भूले बिसरे मंडली द्वारा किया जाएगा रामलीला का मंचन**

**धमतरी,** 28 सितम्बर (हाईवे चैनल)। हर बार की तरह इस बार भी दशहरा पर्व को भव्य तरीके से मनाया जायेगा। बुराई पर अच्छाई का जीत विजयादशमी के पर्व को लेकर व्यापक स्तर पर निगम के अधिकारी कर्मचारी तैयारी में जुटे हुए हैं। क्योंकि इस बार 40 फीट का रावण दहन किया जाना है रावण का पुतला बनाने का काम अंतिम दौर में है। रामलीला का मंचन इस बार अछोटा के भूले बिसरे रामलीला मंडली के कलाकारों के द्वारा किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस बार नवरात्रि 10 दिनों के होने के कारण दशहरा 2 अक्टूबर गुरुवार को मनाया जायेगा। दशहरा मैदान में लोगों के भीड़ को देखते हुए महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था की जाएगी। दशहरा पर्व को देखते हुए एहतियात के तौर पर पुख्ता इंतजाम रखे जाएंगे। पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था तथा चलित शौचालय आदि की व्यवस्था कराई जाएगी। रावण दहन के बाद अलग-अलग तरह के भव्य आतिशबाजी भी होंगे आतिशबाजी को लेकर आसमान में भी अलग नजारा लोगों को देखने मिलेगा। रामलीला मंचन के दौरान बेहतरीन लाइटिंग की व्यवस्था भी रहेगी जो शहर के रावण दहन में होगा।

### आतिशबाजी बनाएगी दशहरा पर्व को खास

रावण दहन के पश्चात आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। जिसमे पांच सितारा चक्कर, बिन बादल बरसात, नौरंग चक्कर सूरजमुखी, गुब्बारा, साउंड, गोल्डन सेहरा, 120 शार्ट, 60 शार्ट, झाड़ू झरना, झूला चक्र, कैलाश मण्डल, नूरानी सेहरा, नीली बरसात आदि शामिल रहेंगे।

## नहर में जा गिरी तेज रफ्तार कार, 6 यात्रियों की बची जान



**जांजगीर-चांपा,** 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। जिले में नहरिया बाबा कैनाल सिटी के पास एक तेज रफ्तार क्रेटा कार अनियंत्रित होकर मुख्य नहर में गिर गई. हादसा होते ही मौके पर अफरातफरी मच गई. कार में छह लोग सवार थे, जो चमत्कारिक रूप से बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, पटवारी संजय शांडिल्य अपने परिवार के साथ कार से नैला की ओर से कैनाल सिटी अपने घर जा रहे थे तभी ये हादसा हुआ. ड्राइवर ने ब्रेक की जगह एक्सीलरेटर दबा दिया. दुर्घटना के बाद क्रेटा कार पानी के तेज बहाव में बहने लगा. कार को बहता देख आस-पास मौजूद स्थानीय लोगों ने नहर में कूदकर बचाव कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों साहस दिखाते हुए कार में सवार सभी छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला. यदि स्थानीय लोग समय पर मदद के लिए नहीं पहुंचते, तो यह दुर्घटना एक गंभीर त्रासदी का रूप ले सकती थी. लेकिन सभी यात्री सुरक्षित हैं. सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची. स्थानीय लोगों की मदद से कार को नहर से बाहर निकालने की कार्रवाई की गई।